**BOOKLET NO.** 0085

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

*TS : 14/(P)/I* **TEST BOOKLET SERIES** **A**

# SESSION : FORENOON
# *GENERAL KNOWLEDGE*
## PAPER I

Time Allowed : 2 Hours] [Maximum Marks : 200

## *INSTRUCTIONS*

1. **IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS BOOKLET DOES NOT HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.**
2. **ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES A, B, C OR D AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write **anything** else on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **100** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose **ONLY ONE** response for each item.
5. You have to mark all your responses ONLY on the separate Answer Sheet provided.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    **THERE WILL BE PENALTY (NEGATIVE MARKING) FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.**
    (*i*) There are four alternatives for the answers to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (*ii*) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answer happen to be correct and there will be same penalty as above for that question.
    (*iii*) If a question is left blank i.e. no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.
11. In case of any discrepancy found in English and Hindi Version in this paper, the English Version may be treated as correct and final.

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

***Note :*** Hindi version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.
***ध्यान दें :*** अनुदेशों का हिंदी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

## GENERAL KNOWLEDGE

Time Allowed : 2 Hours] [Maximum Marks : 200

1. The latitude that pass through Sikkim also pass through :

(A) Himachal Pradesh

(B) Jammu and Kashmir

(C) Rajasthan

(D) Bihar

2. Which of the following peaks are in Himachal Pradesh ?

(*i*) Abi gamin

(*ii*) Reo-Purjil

(*iii*) Rangrik Range

(*iv*) Gya

The *correct* answer is :

(A) Only (*iv*)

(B) Only (*i*)

(C) None of the above

(D) All of the above

3. Which of the following is/are treated as artificial currency ?

(A) ADR

(B) SDR

(C) GDR

(D) Both ADR and GDR

4. Disguised unemployment generally means :

(A) Large number of people remain unemployed

(B) Alternative employment is not available

(C) Marginal productivity of labour is zero

(D) Productivity of worker is low

5. In India, which of the following have the highest share in the disbursement of credit to agriculture and allied activities :

(A) Commercial Banks

(B) Micro Finance Institutions

(C) Regional Rural Banks

(D) Co-operative Banks

## सामान्य ज्ञान

समय : 2 घण्टे] [पूर्णांक : 200

1. सिक्किम से गुजरने वाली अक्षांश रेखा निम्न राज्यों में से किस राज्य से गुजरती है ?

(A) हिमाचल प्रदेश

(B) जम्मू एवं कश्मीर

(C) राजस्थान

(D) बिहार

2. निम्न में से कौनसी चोटियाँ हिमाचल प्रदेश में हैं ?

(*i*) अबी गामिन

(*ii*) रियो-पुरजिल

(*iii*) रांगरिक रेंज

(*iv*) ग्या

सही उत्तर है :

(A) केवल (*iv*)

(B) केवल (*i*)

(C) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(D) उपर्युक्त सभी

3. निम्न में से किसे कृत्रिम मुद्रा माना जाता है ?

(A) ए.डी.आर.

(B) एस.डी.आर.

(C) जी.डी.आर.

(D) ए.डी.आर. और जी.डी.आर. दोनों

4. सामान्यतया छिपी बेरोजगारी का अर्थ है :

(A) अधिक संख्या में लोग बेरोजगार रह जाते हैं

(B) वैकल्पिक रोजगार की अनुपलब्धता

(C) श्रमिकों की सीमान्त उत्पादकता शून्य है

(D) मजदूरों की उत्पादकता निम्न है

5. भारत में कृषि एवं उनके सहायक क्षेत्रों के लिए दिये जाने वाले ऋणों के वितरण में सर्वाधिक अंश किसका है ?

(A) वाणिज्यिक बैंकों का

(B) सूक्ष्म वित्तीय संस्थाओं का

(C) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का

(D) सहकारी बैंकों का

6. Mars Orbitor Mission is called :

(A) Pushpyan

(B) Spaceyan

(C) Mangalyan

(D) Missionyan

7. Almost all major oil producers including Saudi Arabia have become dependent on high prices, with break-even levels usually over $90 per barrel to meet their fiscal obligations. Consider the following can be termed as explanations for the present decline in oil prices ?

(*i*) The world markets are flush with supplies for which there are not enough consumers.

(*ii*) The global economic slowdown is the Principal culprit : with China's national growth projected at around 7% per year, increase in oil demand is negligible.

(*iii*) Europe is also not expected to contribute to increased demand due to its sluggish growth.

Which of the statements given above is/are *correct* ?

(A) (*i*) only

(B) (*ii*) only

(C) Both (*i*) and (*ii*)

(D) All of the above

8. Modi Government relaunched the Kisan Vikas Patra (KVP) investment scheme to tap household savings for funding infrastructure development in the country.

Consider the following statements about this and pick the *correct* statement :

(*i*) The saving instrument will be available in the denomination of Rs. 1,000, Rs. 5,000, Rs. 10,000 and Rs. 50,000.

(*ii*) There will be no upper ceiling on investment.

(*iii*) No tax benefits would be available on these investment.

Answer(s) is/are :

(A) (*i*) only

(B) (*ii*) only

(C) (*i*) and (*iii*) only

(D) All of the above

6. मार्स ऑर्बिटर मिशन (MOM) किसे कहते हैं ?

(A) पुष्पयान को

(B) स्पेसयान को

(C) मंगलयान को

(D) मिशनयान को

7. अपने वित्तीय दायित्व को पूरा करने के लिए सामान्यत: 90 डालर प्रति बैरल से अधिक मूल्यों को न्यूनतम आधार मानने के साथ ही सऊदी अरब सहित लगभग सभी बड़े तेल उत्पादक देश तेल की ऊँची कीमतों पर निर्भर हो गये । तेल की वर्तमान कीमतों में होने वाली कमी की व्याख्या करने के लिए निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(*i*) विश्व बाजार में तेल की कोई कमी नहीं है, जबकि उपभोक्ता की माँग उतनी नहीं है ।

(*ii*) वैश्विक आर्थिक मंदी इसका मुख्य कारण है; यद्यपि चीन की प्रति वर्ष प्रस्तावित आर्थिक वृद्धि दर 7% है, इसके बावजूद तेल की माँग में वृद्धि दर ना के बराबर है ।

(*iii*) अपने निम्न आर्थिक वृद्धि दर के कारण माँग की वृद्धि में यूरोप से भी कोई आशा नहीं की जा सकती ।

उपर्युक्त में से कौनसा/से कथन **सही** है/हैं :

(A) केवल (*i*)

(B) केवल (*ii*)

(C) (*i*) तथा (*ii*) दोनों

(D) उपर्युक्त सभी

8. मोदी सरकार ने देश में घरेलू बचत को आकर्षित करने के लिए फिर से किसान विकास पत्र निवेश योजना जारी की है, जिससे कि आधारभूत संरचनाओं का विकास हो सके ।

इस सम्बन्ध में निम्न वाक्यों पर विचार करते हुए **सही** उत्तर चुनिए :

(*i*) निवेश 1,000 रुपये, 5,000 रुपये, 10,000 रुपये और 50,000 रुपये के रूप में किया जा सकता है ।

(*ii*) निवेश की अधिकतम राशि की कोई सीमा नहीं है ।

(*iii*) परन्तु इस योजना में कोई कर लाभ नहीं दिया जायेगा ।

**सही** उत्तर है/हैं :

(A) केवल (*i*)

(B) केवल (*ii*)

(C) केवल (*i*) और (*iii*)

(D) उपर्युक्त सभी

9. Based upon the relations between India and Pakistan, Khurshid M. Kasuri, the Ex-foreign Minister of Pakistan has recently penned down a book. What is the title of the book :

(A) India-Pakistan in War and Peace

(B) Neither a Hawk nor a Dove

(C) The Origins of War in South Asia : The Indo-Pakistan Conflicts Since 1947

(D) India and Pakistan : A Political Analysis

10. Shanta Kumar Committee has submitted its report on restructuring of Food Corporation of India (FCI) to Mr. Modi.

Read the following recommendations and find the *incorrect* ones :

(*i*) FCI Procurement should focus on the Western belt, where farmers get the minimum support price.

(*ii*) FCI should hand over the procurement of Wheat and Rice to four states which include Punjab, Haryana, Andhra Pradesh and Chhattisgarh.

(*iii*) Proposed uniform tax of minimum 3% and maximum 4% on Wheat and Rice and the same to be included in the minimum support price.

Answer is :

(A) (*i*) and (*ii*)

(B) (*i*) and (*iii*)

(C) (*ii*) and (*iii*)

(D) None of the above

9. भारत-पाकिस्तान के सम्बन्धों के आधार पर पूर्व पाकिस्तानी विदेश मंत्री खुर्शीद एम. कसूरी ने हाल में एक पुस्तक लिखी है । पुस्तक का शीर्षक है :

(A) इण्डिया-पाकिस्तान इन वार एण्ड पीस

(B) नाइदर ए हॉक नौर ए डोव

(C) द ओरिजिन्स ऑफ वार इन साउथ एशिया : द इण्डो-पाकिस्तान कॉनफ्लिक्ट्स सिन्स 1947

(D) इण्डिया एण्ड पाकिस्तान : ए पोलिटिकल एनालिसिस

10. भारतीय खाद्य निगम (FCI) को पुनर्संरचित करने के लिए शांता कुमार कमेटी ने श्री मोदी को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है ।

निम्न सुझावों को देखते हुए **गलत** उत्तर चुनिये :

(*i*) भारतीय खाद्य निगम द्वारा खरीद-नीति पश्चिमी क्षेत्र पर केन्द्रित होनी चाहिए जहाँ किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाता है ।

(*ii*) भारतीय खाद्य निगम को गेहूँ और चावल खरीदने का अधिकार चार राज्यों को देना चाहिए । ये राज्य हैं – पंजाब, हरियाणा, आन्ध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ ।

(*iii*) गेहूँ और चावल पर न्यूनतम 3% और अधिकतम 4% की दर से एकसमान कर प्रस्तावित किया है । इसे न्यूनतम समर्थन मूल्य में शामिल कर दिया जाए ।

उत्तर है :

(A) (*i*) और (*ii*)

(B) (*i*) और (*iii*)

(C) (*ii*) और (*iii*)

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

11. Read the following statements regarding the recently released NTCA report on the status of Tigers in India, 2014.

Find out the *incorrect* ones :

(*i*) The report showed a 30% increase in tiger population to 2226 from 1706 in 2010.

(*ii*) The largest increase was recorded in Kerala, Karnataka, Goa and Tamil Nadu.

(*iii*) The Mudumalai-Bandipur-Nagarhole-Wayarad Complex holds the world's largest tiger population currently estimated at over 570 tigers.

The *correct* answer is :

(A) (*i*) and (*ii*)

(B) (*ii*) and (*iii*)

(C) (*iii*) only

(D) None of the above

12. India has recently signed an agreement on transfer of sentenced persons with the Hong-Kong special administrative region. Which among the following statement/s is/are *correct* ones in this regard :

(*i*) The agreement will mostly apply to Hong-Kong prisoners.

(*ii*) Most of the Indian prisoners have been jailed for serious crimes like drug dealing.

(*iii*) India has similar agreement with several other countries but none with Mainland China.

The *correct* answer is :

(A) (*i*)

(B) (*ii*)

(C) (*iii*)

(D) All of the above

11. एन.टी.सी.ए. ने 2014 में भारत में शेरों की स्थिति पर एक रिपोर्ट जारी की है ।

निम्न वाक्यों में से कौनसा **गलत** है, बताइये :

(*i*) रिपोर्ट के मुताबिक शेरों की संख्या में 30% की वृद्धि हुई है । 2010 में इनकी संख्या 1706 थी जो अब 2226 है ।

(*ii*) अधिकतम वृद्धि केरल, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में हुई ।

(*iii*) मुडुमलाई-बाँदीपुर-नागरहोल-वेयारड परिसर में इनकी संख्या 570 से ऊपर है; जो एक परिसर में विश्व में सबसे ज्यादा है ।

**सही** उत्तर है :

(A) (*i*) और (*ii*)

(B) (*ii*) और (*iii*)

(C) केवल (*iii*)

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

12. सजायाफ्ता लोगों के हस्तान्तरण के लिए अभी हाल में ही भारत ने विशिष्ट प्रशासकीय क्षेत्र हाँगकाँग के साथ एक समझौता किया है ।

इस संबंध में कौनसा/से कथन **सही** है/हैं :

(*i*) यह समझौता मुख्यतया हाँगकाँग के कैदियों के लिए लागू होगा ।

(*ii*) अधिकांश भारतीय कैदियों को गंभीर अपराध जैसे कि ड्रग-डीलिंग के आरोप में जेल भेजा गया है ।

(*iii*) भारत ने चीन के सिवाय कई अन्य देशों के साथ ऐसा समझौता किया है ।

**सही** उत्तर है :

(A) (*i*)

(B) (*ii*)

(C) (*iii*)

(D) उपर्युक्त सभी

13. Who among the following translated Kalhana's *Rajatarangini* into English ?

(A) Sir Alexander Cunningham

(B) Sir Aurel Stein

(C) Jonaraja

(D) Sirivara

14. What is the script of the earliest epigraphical rock inscriptions at Pathyar and Kanhiyara in Kangra ?

(A) Brahmi and Tankri

(B) Kharoshthi and Tankri

(C) Brahmi and Kharoshthi

(D) Kharoshthi and Persian

15. Which Mughal ruler is said to have given the title of 'Mian' to the Rajput princes of Punjab Hill states who were held hostages in the royal court ?

(A) Akbar

(B) Jahangir

(C) Shah Jahan

(D) Aurangzeb

16. Rulers of which of the following hill states were from a common ancestor ?

(A) Mandi, Mangal and Bhajji

(B) Suket, Mandi and Bhagal

(C) Mandi, Suket and Keonthal

(D) Keonthal, Suket and Jubbal

17. Which Raja of Spiti invaded Kullu and made it a tributary ?

(A) Samudra Sena

(B) Chet Sena

(C) Hemant Sena

(D) Rajendra Sena

13. कल्हण की **राजतरंगिनी** का अंग्रेजी अनुवाद निम्नलिखित में से किसने किया ?

(A) सर अलेक्जैंडर कनिंघम

(B) सर अरुल स्टेन

(C) जोनराज

(D) सिरिवारा

14. कांगड़ा के पठियार और कन्हियारा के प्राचीन चट्टानी शिलालेख किस लिपि में हैं ?

(A) ब्राह्मी और टांकरी

(B) खरोष्ठी और टांकरी

(C) ब्राह्मी और खरोष्ठी

(D) खरोष्ठी और फारसी

15. पंजाब की पहाड़ी रियासतों के जो राजकुमार मुगल दरबार में बंधक होते थे उन्हें 'मियां' की उपाधि किस शासक द्वारा दी बताई जाती है ?

(A) अकबर

(B) जहांगीर

(C) शाहजहाँ

(D) औरंगजेब

16. निम्नलिखित में से किन पहाड़ी रियासतों के शासकों के पूर्वज एक ही वंश के थे ?

(A) मण्डी, मांगल और भज्जी

(B) सुकेत, मण्डी और भागल

(C) मण्डी, सुकेत और क्युंथल

(D) क्युंथल, सुकेत और जुब्बल

17. स्पीति के किस राजा ने कुल्लू पर आक्रमण किया और उसे अपना करदाता (प्रोटेक्टोरेट) बना लिया ?

(A) समुद्र सेन

(B) चेत सेन

(C) हेमंत सेन

(D) राजेन्द्र सेन

18. The Raja of Bushahar princely state was assisted by three hereditary Wazir families. One of them was Kohal. Where did it come from ?

(A) Kullu

(B) Garhwal

(C) Kinnaur

(D) Jubbal

19. When was the Department of Public Relations created in Himachal Pradesh ?

(A) 1951

(B) 1952

(C) 1954

(D) 1956

20. In which district of H.P. is Saryanj Sarma watershed project ?

(A) Una

(B) Sirmaur

(C) Bilaspur

(D) Solan

21. When was *'Beti Hai Anmol'* Yojna launched in Himachal Pradesh ?

(A) January 2009

(B) July 2010

(C) October 2011

(D) December 2012

22. Which Raja of Mandi gave the Shivratri Fair the form of a cultural festival ?

(A) Suraj Sen

(B) Bahu Sen

(C) Bir Sen

(D) Ban Sen

23. Find the mismatch in the following pairs :

(A) Tieun Dhar — Chamba

(B) Jakh Dhar — Hamirpur

(C) Haripur Dhar — Sirmaur

(D) Sanjhi Dhar — Shimla

18. बुशहर रियासत के राजा की सहायता के लिए तीन परिवारों के पुश्तैनी वजीर होते थे । उनमें से एक था कोहल परिवार । यह परिवार कहाँ से आया था ?

(A) कुल्लू से

(B) गढ़वाल से

(C) किन्नौर से

(D) जुब्बल से

19. हिमाचल प्रदेश में लोक सम्पर्क विभाग कब स्थापित किया गया ?

(A) 1951 में

(B) 1952 में

(C) 1954 में

(D) 1956 में

20. सरयांज सरमा जलगम परियोजना हिमाचल प्रदेश के किस जिले में है ?

(A) ऊना

(B) सिरमौर

(C) बिलासपुर

(D) सोलन

21. '**बेटी है अनमोल**' योजना हिमाचल प्रदेश में कब आरम्भ की गई ?

(A) जनवरी 2009

(B) जुलाई 2010

(C) अक्टूबर 2011

(D) दिसम्बर 2012

22. मण्डी के किस राजा ने शिवरात्रि मेले को एक सांस्कृतिक त्योहार का स्वरूप दिया ?

(A) सूरज सेन

(B) बाहू सेन

(C) बीर सेन

(D) बान सेन

23. निम्नलिखित जोड़ों में बेमेल जोड़ा ढूँढ़िए :

(A) त्यून धार – चम्बा

(B) जाख धार – हमीरपुर

(C) हरिपुर धार – सिरमौर

(D) सांझी धार – शिमला

24. What is Shingni-Mingni ?

(A) a variety of fish

(B) a herbal-medicinal plant

(C) a folk dance of Kinnaur

(D) a folk song popular in Sirmaur

25. Who started the Ice Skating Rink at Shimla around 1920 ?

(A) Peter Ta-Tung

(B) Blessington

(C) Daniel Wilson

(D) William Hay

26. In which district of H.P. is Yunam-so lake ?

(A) Lahaul-Spiti

(B) Kinnaur

(C) Chamba

(D) Kullu

27. When did the number of members in the H.P. Vidhan Sabha increase from 36 to 41 ?

(A) 1971

(B) 1967

(C) 1963

(D) 1954

28. Which one of the following is a Pagoda style temple in H.P. ?

(A) Hateshwari Devi in Jubbal Valley

(B) Hidimba Temple in Manali Valley

(C) Lakshna Devi in Bharmaur

(D) Shakti Devi in Chhatrari

29. Which district of H.P. occupies top position in the production of ginger ?

(A) Sirmaur

(B) Bilaspur

(C) Una

(D) Mandi

24. शिंगनी-मिंगनी क्या है ?

(A) मछली की एक किस्म

(B) एक औषधीय जड़ी-बूटी

(C) किन्नौर का एक लोक-नृत्य

(D) सिरमौर का एक लोकप्रिय लोक गीत

25. 1920 के आसपास किसने शिमला में आइस स्केटिंग रिंक शुरू किया ?

(A) पीटर टा-टुंग

(B) ब्लैसिंगटन

(C) डेनियल विल्सन

(D) विलियम हे

26. युनाम-सो झील हिमाचल प्रदेश के किस जिले में है ?

(A) लाहुल-स्पीति

(B) किन्नौर

(C) चम्बा

(D) कुल्लू

27. हिमाचल विधान सभा के सदस्यों की संख्या कब 36 से बढ़कर 41 हो गई ?

(A) 1971 में

(B) 1967 में

(C) 1963 में

(D) 1954 में

28. हिमाचल प्रदेश में निम्नलिखित में से कौनसा मन्दिर पैगोडा शैली का है ?

(A) जुब्बल घाटी में हाटेश्वरी देवी

(B) मनाली घाटी में हिडिम्बा

(C) भरमौर में लक्षणा देवी मन्दिर

(D) छतराड़ी में शक्ति देवी

29. अदरक के उत्पादन में हिमाचल प्रदेश का कौनसा जिला शीर्ष पर है ?

(A) सिरमौर

(B) बिलासपुर

(C) ऊना

(D) मण्डी

30. Identify the *correct* order of density of population among the following districts of Himachal Pradesh according to 2011 census data (in descending order) :

(A) Bilaspur, Una, Solan, Mandi

(B) Una, Bilaspur, Solan, Mandi

(C) Una, Mandi, Bilaspur, Solan

(D) Bilaspur, Solan, Una, Mandi

31. What was the annual growth rate in the economy of Himachal Pradesh during the 2012-13 fiscal ?

(A) 5.7 percent

(B) 5.9 percent

(C) 6.1 percent

(D) 6.6 percent

32. Polworth, Corriedole, Blackpace and Bingi are varieties of :

(A) Vegetables

(B) Spices

(C) Sheep

(D) Buffaloes

33. Name the site where Harappan ploughed field has been found :

(A) Harappa

(B) Banawali

(C) Rakhigarhi

(D) Kalibanga

34. Who among the following is the author of Milind Panho ?

(A) Nagasen

(B) Ashwaghosh

(C) Dharmpal

(D) Devardhi

30. 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर हिमाचल प्रदेश के निम्नलिखित जिलों का जनसंख्या के घनत्व के (घटते क्रम में) सही क्रम पहचानिए :

(A) बिलासपुर, ऊना, सोलन, मण्डी

(B) ऊना, बिलासपुर, सोलन, मण्डी

(C) ऊना, मण्डी, बिलासपुर, सोलन

(D) बिलासपुर, सोलन, ऊना, मण्डी

31. 2012-13 वित्त वर्ष में हिमाचल प्रदेश की आर्थिक क्षेत्र में वृद्धि दर क्या थी ?

(A) 5.7 प्रतिशत

(B) 5.9 प्रतिशत

(C) 6.1 प्रतिशत

(D) 6.6 प्रतिशत

32. पोलवर्थ, कोरीडोल, ब्लैकपेस और बिंगी किसकी किस्में हैं ?

(A) सब्जियों की

(B) मसालों की

(C) भेड़ों की

(D) भैंसों की

33. उस पुरास्थल का नाम लिखिए जहाँ पर हड़प्पाकालीन जुते हुए खेत का प्रमाण मिलता है :

(A) हड़प्पा

(B) बनावाली

(C) राखीगढ़ी

(D) कालीबंगा

34. निम्नलिखित में मिलिंद पन्हो का लेखक कौन है ?

(A) नागसेन

(B) अश्वघोष

(C) धर्मपाल

(D) देवर्धि

35. Name the place where Jaina texts were finally compiled ?

(A) Pawagarh

(B) Kalinga

(C) Shravanbelgola

(D) Vallabhi

36. Find out among the following the author of Muasir-i-Alamgiri :

(A) Alberuni

(B) Barni

(C) Mustaid Khan

(D) Sams-i-Siraj

37. The temples located in the region between the Vindhyas and the Krishna river are known as :

(A) Dravid Style

(B) Nagar Style

(C) Vakataka Style

(D) Hybrid Style

38. Which of the following Marathas was given a Manasab of 7000/7000 by Aurangzeb ?

(A) Shivaji

(B) Sambhaji

(C) Rajaram

(D) Shahuji

39. Who abolished Dual Government in Bengal ?

(A) Sir John Shore

(B) Lord Curzon

(C) Robert Clive

(D) Warren Hastings

40. Sidhu and Kanhu were associated with which one of the following ?

(A) The Kol uprising

(B) The Munda rebellion

(C) The Khasi rising

(D) The Santhal rebellion

35. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ अन्ततः जैन ग्रन्थों का संकलन हुआ :

(A) पावागढ़

(B) कलिंग

(C) श्रावणबेलगोला

(D) वल्लभी

36. निम्नलिखित में मुआसिर-ए-आलमगीरी के लेखक का पता लगाइए :

(A) अल्बरूनी

(B) बर्नी

(C) मुस्तैद खान

(D) सम्स-ए-सिराज

37. जो मन्दिर विंध्य पर्वतमालाओं व कृष्णा नदी के बीच के क्षेत्र में स्थित हैं, उनको किस नाम से जाना जाता है :

(A) द्रविड पद्धति

(B) नागर पद्धति

(C) वाकाटक पद्धति

(D) हाईब्रिड पद्धति

38. निम्नलिखित में से औरंगजेब ने किस मराठा को 7000/7000 का मनसब दिया ?

(A) शिवाजी

(B) सम्भाजी

(C) राजाराम

(D) शाहूजी

39. बंगाल में द्वैध शासन किसने समाप्त किया ?

(A) सर जॉन शोर

(B) लार्ड कर्जन

(C) रॉबर्ट क्लाइव

(D) वारेन हेस्टिंग्स

40. सिद्धू तथा कान्हू निम्नलिखित में किसके साथ जुड़े हुए थे ?

(A) कोल विद्रोह

(B) मुंडा विद्रोह

(C) खासी विद्रोह

(D) संथाल विद्रोह

41. Match List I with List II :

**List I**

(*a*) Dadabhai Naoroji

(*b*) Dayanand Saraswati

(*c*) Bal Gangadhar Tilak

(*d*) Bankim Chandra Chatterjee

**List II**

(1) *Satyarth Prakash*

(2) *Anand Math*

(3) *Poverty and Un-British Rule of India*

(4) *Gita Rahasya*

Select the *correct* answer from the codes given below :

*Codes* :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (B) | (3) | (1) | (4) | (2) |
| (C) | (3) | (4) | (1) | (2) |
| (D) | (4) | (2) | (1) | (3) |

42. Who was the head of the Boundary Commission which demarcated the boundaries of India and Pakistan ?

(A) Radcliffe

(B) McMahon

(C) Simon

(D) None of the above

43. What is local name of shifting cultivation in Malaysia ?

(A) Jhum

(B) Kumri

(C) Podu

(D) Ladang

44. Which one of the following pairs is *not* correctly matched ?

| | **Towns** | **Rivers** |
|---|---|---|
| (A) | Ayodhya | Saryu |
| (B) | Surat | Tapti |
| (C) | Bareilly | Ganga |
| (D) | Kurnool | Tungabhadra |

41. सूची I का सूची II से मिलान कीजिए :

सूची I

(*a*) दादाभाई नौरोजी

(*b*) दयानंद सरस्वती

(*c*) बाल गंगाधर तिलक

(*d*) बंकिमचन्द्र चटर्जी

सूची II

(1) सत्यार्थ प्रकाश

(2) आनंद मठ

(3) पॉवर्टी एण्ड अन-ब्रिटिश रूल ऑफ इंडिया

(4) गीता रहस्य

नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग करते हुए **सही** उत्तर चुनिये :

**कूट :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (B) | (3) | (1) | (4) | (2) |
| (C) | (3) | (4) | (1) | (2) |
| (D) | (4) | (2) | (1) | (3) |

42. भारत तथा पाकिस्तान की सीमाएँ निर्धारित करने वाले आयोग का अध्यक्ष कौन था ?

(A) रैडक्लिफ

(B) मैकमहोन

(C) साइमन

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

43. मलेशिया में स्थानांतरित कृषि का स्थानीय नाम क्या है ?

(A) झूम

(B) कूमरी

(C) पोडू

(D) लादांग

44. निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा सही सुमेलित **नहीं** है ?

| | शहर | नदी |
|---|---|---|
| (A) | अयोध्या | सरयू |
| (B) | सूरत | ताप्ती |
| (C) | बरेली | गंगा |
| (D) | कर्नूल | तुंगभद्रा |

45. Tropic of Cancer does *not* passes through :

(A) Tripura

(B) Mizoram

(C) Manipur

(D) Chhattisgarh

46. Which is the second most spoken language in India ?

(A) Urdu

(B) Hindi

(C) Bengali

(D) Telugu

47. Great Salt Lake is located in :

(A) Australia

(B) Tunisia

(C) Canada

(D) U.S.A.

48. Which of the following is *correct* order of rivers from north to south ?

(A) Jhelum, Chenab, Ravi, Satluj

(B) Jhelum, Ravi, Chenab, Satluj

(C) Ravi, Jhelum, Chenab, Satluj

(D) Ravi, Chenab, Jhelum, Satluj

49. Which one of the following has lowest sex ratio in India ?

(A) Punjab

(B) Haryana

(C) Dadar and Nagar Haveli

(D) Daman and Div

50. Diego Garcia island is located in :

(A) Pacific Ocean

(B) Atlantic Ocean

(C) Indian Ocean

(D) Arctic Ocean

45. कर्क वृत्त रेखा किस राज्य से होकर **नहीं** गुजरती ?

(A) त्रिपुरा

(B) मिजोरम

(C) मणिपुर

(D) छत्तीसगढ़

46. भारत में दूसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा कौनसी है ?

(A) उर्दू

(B) हिंदी

(C) बंगाली

(D) तेलुगु

47. महान लवणीय झील स्थित है :

(A) आस्ट्रेलिया में

(B) ट्यूनीशिया में

(C) कनाडा में

(D) यू.एस.ए. में

48. निम्नलिखित में से कौनसा नदियों का **सही** क्रम उत्तर से दक्षिण की तरफ है ?

(A) झेलम, चिनाब, रावी, सतलुज

(B) झेलम, रावी, चिनाब, सतलुज

(C) रावी, झेलम, चिनाब, सतलुज

(D) रावी, चिनाब, झेलम, सतलुज

49. निम्नलिखित में से भारत में कहाँ सबसे कम लिंग अनुपात पाया जाता है ?

(A) पंजाब

(B) हरियाणा

(C) दादर और नगर हवेली

(D) दमन और दिव

50. डियागो गार्शिया द्वीप स्थित है :

(A) प्रशान्त महासागर में

(B) अटलांटिक महासागर में

(C) हिन्द महासागर में

(D) आर्कटिक महासागर में

51. Which of the following statements is/are *correct* ?

(*i*) Recorded temperature decreases from North to South India.

(*ii*) Rainfall increases from West to East in Northern plains of India.

(A) Only (*i*)

(B) Only (*ii*)

(C) Both (*i*) and (*ii*)

(D) Neither (*i*) nor (*ii*)

52. Which one of the following is largest coal producer ?

(A) China

(B) U.S.A.

(C) India

(D) Australia

53. According to Dr. B.R. Ambedkar, which of the following Articles of the Indian Constitution was to remain a dead-letter ?

(A) Article 360

(B) Article 356

(C) Article 352

(D) Article 32

54. The elected members of the State Legislative Assembly participate in the elections of :

(1) The President of India

(2) The Vice-President of India

(3) Members of the Rajya Sabha

(4) Members of Legislative Council

Select the *correct* answer from the codes given below :

*Codes* :

(A) (1), (2) and (3)

(B) (1), (3) and (4)

(C) (1), (2) and (4)

(D) (1), (2), (3) and (4)

51. निम्न कथनों में से कौनसा **सही** है ?

(*i*) उत्तर से दक्षिण भारत की तरफ दर्ज तापमान घटता है ।

(*ii*) उत्तरी भारत के मैदानों में वर्षा पश्चिम से पूर्व की तरफ बढ़ती है ।

(A) केवल (*i*)

(B) केवल (*ii*)

(C) दोनों (*i*) और (*ii*)

(D) न तो (*i*) और न (*ii*)

52. निम्न में से कौन कोयला का सबसे बड़ा उत्पादक है ?

(A) चीन

(B) यू.एस.ए.

(C) भारत

(D) आस्ट्रेलिया

53. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के अनुसार भारतीय संविधान की कौनसी धारा डेड-लेटर (मृतप्राय) रहनी थी ?

(A) धारा 360

(B) धारा 356

(C) धारा 352

(D) धारा 32

54. राज्य विधान सभा के निर्वाचित सदस्य भाग लेते हैं :

(1) भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में

(2) भारत के उप-राष्ट्रपति के चुनाव में

(3) राज्य सभा के सदस्यों के चुनाव में

(4) विधान परिषद् के सदस्यों के चुनाव में

नीचे दिये गये कूटों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

**कूट** :

(A) (1), (2) और (3)

(B) (1), (3) और (4)

(C) (1), (2) और (4)

(D) (1), (2), (3) और (4)

55. Which of the following are the exclusive committees of the Rajya Sabha ?

(1) Committee on Subordinate Legislation

(2) Committee on Government Assurances

(3) Committee on Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes

(4) Committee on Public Undertakings

Select the *correct* answer from the codes given below :

*Codes* :

(A) (1) and (3)

(B) (1) and (2)

(C) (1), (2) and (3)

(D) (1), (2), (3) and (4)

56. The tenure of the Chief Election Commissioner of India is :

(A) Five years

(B) Five years or 65 years of age whichever is earlier

(C) Six years or 65 years of age whichever is earlier

(D) Six years or 70 years of age whichever is earlier

57. Which of the Commissions/Committees has recommended that there should be a Minister for Panchayati Raj ?

(A) Ashoka Mehta Committee

(B) L.M. Singhvi Committee

(C) G.V.K. Rao Committee

(D) Second Administrative Reforms Commission

55. निम्नलिखित में से कौनसी समितियाँ केवल राज्य सभा की ही हैं ?

(1) अधीनस्थ व्यवस्थापन समिति

(2) सरकारी आश्वासन समिति

(3) पिछड़ी जातियों तथा कबीलों के कल्याण सम्बन्धी समिति

(4) सार्वजनिक उद्योगों के लिये समिति

नीचे दिये गये कूटों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

**कूट** :

(A) (1) और (3)

(B) (1) और (2)

(C) (1), (2) और (3)

(D) (1), (2), (3) और (4)

56. भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त की अवधि है :

(A) 5 वर्ष

(B) 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो

(C) 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो

(D) 6 वर्ष या 70 वर्ष की आयु जो भी पहले हो

57. निम्न में से किस आयोग/समिति ने सिफारिश की थी कि पंचायती राज मन्त्री होना चाहिये ?

(A) अशोक मेहता समिति

(B) एल.एम. सिंघवी समिति

(C) जी.वी.के. राव समिति

(D) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग

58. Which of the following amendments to the Indian Constitution has made the Right to Education a Fundamental Right ?

(A) 84th

(B) 86th

(C) 91st

(D) 92nd

59. Which of the following statements are *correct* about the National Human Rights Commission ?

(1) The National Human Rights Commission is an independent body.

(2) It is not a constitutional body.

(3) It is a statutory body.

(4) It is a multi-member body.

Select the *correct* answer from the codes given below :

*Codes* :

(A) (1) and (2)

(B) (1), (2) and (3)

(C) (1), (2) and (4)

(D) (1), (2), (3) and (4)

60. What is the *correct* sequence of the following four stages in the public policy formulation process ?

(1) Making policy decisions

(2) Putting public problems on policy agenda

(3) Identifying public problems

(4) Formulating policy proposals to deal with the problem

Select the *correct* answer from the codes given below :

*Codes* :

(A) (1), (2), (3) and (4)

(B) (3), (2), (4) and (1)

(C) (1), (3), (2) and (4)

(D) (2), (4), (3) and (1)

58. भारतीय संविधान के निम्नलिखित संशोधनों में से किस संशोधन के अधीन शिक्षा का अधिकार मौलिक अधिकार बना है ?

(A) 84वें

(B) 86वें

(C) 91वें

(D) 92वें

59. निम्नलिखित कथनों में से कौनसे कथन राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विषय में ठीक हैं ?

(1) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग एक स्वतन्त्र संस्था है

(2) यह एक संवैधानिक संस्था नहीं है

(3) यह एक विधिक (statutory) संस्था है ।

(4) यह एक बहुसदस्यीय संस्था है ।

नीचे दिये गये कूटों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

**कूट :**

(A) (1) और (2)

(B) (1), (2) और (3)

(C) (1), (2) और (4)

(D) (1), (2), (3) और (4)

60. पब्लिक पॉलिसी बनाने की प्रक्रिया में निम्नलिखित चार चरणों का **सही** क्रम क्या है ?

(1) नीतिगत निर्णय लेना

(2) पॉलिसी एजेन्डा पर जन समस्याओं को रखना

(3) जन समस्याओं को चिह्नित करना

(4) समस्या समाधान के लिये नीति प्रस्तावों को बनाना

नीचे दिये गये कूटों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

**कूट :**

(A) (1), (2), (3) और (4)

(B) (3), (2), (4) और (1)

(C) (1), (3), (2) और (4)

(D) (2), (4), (3) और (1)

61. The responsibility for law and order vests with the Police Commissioner in the cities of :

(1) Chandigarh

(2) Delhi

(3) Mumbai

(4) Kolkata

Select the *correct* answer from the codes given below :

*Codes* :

(A) (1), (2) and (3)

(B) (1), (3) and (4)

(C) (2), (3) and (4)

(D) (1), (2), (3) and (4)

62. Which one of the following functions does *not* figure in the Eleventh Schedule of the Constitution (73rd Amendment) ?

(A) Libraries

(B) Cultural activities

(C) Fire services

(D) Family welfare

63. Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana was launched on :

(A) 15th August, 2014

(B) 1st January, 2015

(C) 26th January, 2015

(D) 28th August, 2014

64. Earth Summit 2012 for sustainable development was held in :

(A) New Delhi, India

(B) Rio-de-Janeiro, Brazil

(C) Johannesburg, South Africa

(D) New York, USA

65. According to Planning Commission estimates for 2011-12; which of the following states have maximum percentage of population below poverty line ?

(A) Chhattisgarh

(B) Bihar

(C) Jharkhand

(D) Odisha

61. शहरों की कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस कमिश्नर की होती है :

(1) चंडीगढ़ शहर में

(2) दिल्ली शहर में

(3) मुम्बई शहर में

(4) कोलकाता शहर में

नीचे दिये गये कूटों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

**कूट :**

(A) (1), (2) और (3)

(B) (1), (3) और (4)

(C) (2), (3) और (4)

(D) (1), (2), (3) और (4)

62. निम्नलिखित कार्यों में से कौनसा कार्य संविधान की 11वीं अनुसूची (73वें संशोधन) में **नहीं** है ?

(A) पुस्तकालय

(B) सांस्कृतिक क्रियाएँ

(C) अग्नि सेवाएँ

(D) परिवार कल्याण

63. प्रधानमंत्री जन धन योजना कब शुरू की गई ?

(A) 15 अगस्त, 2014

(B) 1 जनवरी, 2015

(C) 26 जनवरी, 2015

(D) 28 अगस्त, 2014

64. सतत् विकास (Sustainable Development) के लिए अर्थ शिखर सम्मेलन (Earth Summit) 2012 में कहाँ पर आयोजित किया गया ?

(A) न्यू दिल्ली, भारत

(B) रियो-डी-जेनरियो, ब्राजील

(C) जोहांसबर्ग, साउथ अफ्रीका

(D) न्यूयार्क, यू.एस.ए.

65. योजना आयोग के 2011-12 के लिये अनुमान के अनुसार; निम्न में से किस राज्य में जनसंख्या का अधिकतम प्रतिशत गरीबी रेखा के नीचे है ?

(A) छत्तीसगढ़

(B) बिहार

(C) झारखण्ड

(D) ओडिशा

66. The World Investment Report (WIR) is published by :

(A) International Monetary Fund (IMF)

(B) United Nations Conference on Trade and Development (UNCTAD)

(C) General Agreement on Tariffs and Trade (GATT)

(D) Organisation of Economic Cooperation and Development (OECD)

67. SEBI was established in the year :

(A) 1988

(B) 1990

(C) 1991

(D) 1985

68. 'NITI' in NITI Aayog stands for :

(A) National Institution for Transforming India

(B) National Institute of Transforming India

(C) National Initiative for Transforming India

(D) National Institution for Translating India

69. Annual Summit 2015 of BRICS nations will be held in :

(A) New Delhi, India

(B) Fortaleza, Brazil

(C) Ufa in Bashkortonstan, Russia

(D) Durban, South Africa

66. विश्व निवेश रिपोर्ट (WIR) किसके द्वारा प्रकाशित की जाती है ?

(A) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

(B) संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (UNCTAD)

(C) सामान्य शुल्क और व्यापार समझौता (GATT)

(D) आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD)

67. सेबी (SEBI) की स्थापना किस वर्ष में की गई थी ?

(A) 1988

(B) 1990

(C) 1991

(D) 1985

68. नीति आयोग में 'नीति' का तात्पर्य है :

(A) नेशनल इंस्टिट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया

(B) नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया

(C) नेशनल इनिशिएटिव फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया

(D) नेशनल इंस्टिट्यूशन फॉर ट्रांसलेटिंग इंडिया

69. BRICS देशों का वार्षिक सम्मेलन (2015) कहाँ पर होने वाला है ?

(A) नई दिल्ली, भारत में

(B) फोर्टालेज़ा, ब्राजील में

(C) उफे बश्कोर्तोस्तान, रूस में

(D) डरबन, दक्षिण अफ्रीका में

70. As per population census 2011, what is the percentage of urban population in Himachal Pradesh and India respectively :

(A) 15.05 and 35.60

(B) 10.03 and 31.16

(C) 10.03 and 35.60

(D) 12.65 and 31.16

71. Recently the Government of India has decided to revise the base year for estimating the GDP from :

(A) 2001-02 to 2010-11

(B) 2004-05 to 2013-14

(C) 2004-05 to 2011-12

(D) 2001-02 to 2011-12

72. National Sample Survey Office (NSSO) was established in the year :

(A) 1950

(B) 1951

(C) 1947

(D) 1948

73. How many Biosphere Reserves are there in India ?

(A) 12

(B) 18

(C) 26

(D) 32

74. The UN Convention on Biodiversity was ratified by Indian Government in the year :

(A) 1992

(B) 1993

(C) 1994

(D) 1997

75. Apart from carbon dioxide, which of the following gases also has a role in climate change ?

(A) Methane

(B) Nitrogen dioxide

(C) Sulphur dioxide

(D) Helium

70. 2011 जनगणना के अनुसार; हिमाचल प्रदेश और भारत में शहरी जनसंख्या का क्रमश: प्रतिशत क्या है ?

(A) 15.05 और 35.60

(B) 10.03 और 31.16

(C) 10.03 और 35.60

(D) 12.65 और 31.16

71. हाल ही में भारत सरकार ने सकल घरेलू उत्पादन (GDP) के अनुमान के लिए आधार वर्ष को संशोधित किया है :

(A) 2001-02 से 2010-11

(B) 2004-05 से 2013-14

(C) 2004-05 से 2011-12

(D) 2001-02 से 2011-12

72. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) का गठन किस वर्ष में हुआ ?

(A) 1950

(B) 1951

(C) 1947

(D) 1948

73. भारत में कितने जीवमण्डल रक्षित स्थान हैं ?

(A) 12

(B) 18

(C) 26

(D) 32

74. संयुक्त राष्ट्र के जैव-विविधता के करार की भारत सरकार द्वारा किस वर्ष अभिपुष्टि की गयी ?

(A) 1992

(B) 1993

(C) 1994

(D) 1997

75. कार्बन डाइऑक्साइड के अलावा जलवायु परिवर्तन के लिये निम्नलिखित में से किस गैस की भी भूमिका है ?

(A) मीथेन

(B) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड

(C) सल्फर डाइऑक्साइड

(D) हीलियम

76. At present which country is the maximum emitter of carbon dioxide ?

(A) USA

(B) China

(C) Russia

(D) France

77. As per the IPCC 4th Assessment Report, the average sea level during the period 1961-2003 increased approximately at the rate of :

(A) 1.8 cm per year

(B) 5.9 mm per year

(C) 4.1 mm per year

(D) 1.8 mm per year

78. In India, the forest cover percentage of the total geographical area of the country is approximately :

(A) 18%

(B) 29%

(C) 21%

(D) 31%

79. Driving force for an ecosystem is :

(A) solar energy

(B) vegetation

(C) producers

(D) biomass

80. Which of the following has the maximum biodiversity ?

(A) Mangroves

(B) Coral reefs

(C) Temperate regions

(D) Tropical regions

76. वर्तमान में कौनसा देश कार्बन डाइऑक्साइड का अधिकतम उत्सर्जक है ?

(A) यू.एस.ए. (अमेरिका)

(B) चीन

(C) रूस

(D) फ्रांस

77. आई.पी.सी.सी. की चतुर्थ आकलन रिपोर्ट के अनुसार औसत समुद्र तल 1961-2003 काल के दौरान लगभग इस दर से बढ़ा :

(A) 1.8 सेमी. प्रति वर्ष

(B) 5.9 मिमी. प्रति वर्ष

(C) 4.1 मिमी. प्रति वर्ष

(D) 1.8 मिमी. प्रति वर्ष

78. भारत में देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग कितना प्रतिशत वन क्षेत्र है ?

(A) 18%

(B) 29%

(C) 21%

(D) 31%

79. एक पारिस्थितिक तंत्र के लिये प्रेरक बल होता है :

(A) सौर्य ऊर्जा

(B) वनस्पति

(C) उत्पादक

(D) जैव-ईंधन (बायोमास)

80. निम्नलिखित में से किसकी सबसे अधिक जैव-विविधता है ?

(A) वायुशिफ (मैनग्रोव)

(B) मूँगा चट्टानें

(C) शीलवन्त भूभाग

(D) उष्ण कटिबन्धीय वर्षा वन

81. At present the primary energy source in the world is :

(A) Hydropower

(B) Fossil fuels

(C) Nuclear power

(D) Solar power

82. World Ozone Day is celebrated on :

(A) June 19

(B) August 19

(C) September 16

(D) November 19

83. The World's highest ground based telescopic observatory is located in :

(A) Colombia

(B) India

(C) Nepal

(D) Switzerland

84. The hormone insulin is a :

(A) Glycolipid

(B) Fatty acid

(C) Peptide

(D) Sterol

85. The sensation of fatigue in the muscles after prolonged strenuous physical work is caused by :

(A) a decrease in the supply of oxygen

(B) minor wear and tear of muscles fibres

(C) the depletion of glucose

(D) the accumalation of lactic acid

81. वर्तमान में विश्व में प्राथमिक ऊर्जा स्रोत है :

(A) जल शक्ति (हाइड्रो-पावर)

(B) जीवाश्म ईंधन

(C) नाभिकीय शक्ति (न्यूक्लीयर पावर)

(D) सौर शक्ति (सोलर पावर)

82. विश्व ओज़ोन दिवस मनाया जाता है :

(A) 19 जून को

(B) 19 अगस्त को

(C) 16 सितम्बर को

(D) 19 नवम्बर को

83. दुनिया की सबसे ऊँची भौम आधारित दूरबीन वेधशाला कहाँ पर स्थित है ?

(A) कोलम्बिया

(B) भारत

(C) नेपाल

(D) स्विट्ज़रलैण्ड

84. इंसुलिन हॉर्मोन क्या है ?

(A) ग्लाइकोलिपिड

(B) वसीय अम्ल

(C) पेप्टाइड

(D) स्टेरॉल

85. लम्बे समय तक कठोर शारीरिक कार्य के बाद पेशियों में थकावट की अनुभूति किस कारण होती है ?

(A) ऑक्सीजन की आपूर्ति में कमी

(B) पेशी तन्तुओं में छोटी-मोटी टूट-फूट

(C) ग्लूकोज की क्षीणता

(D) लैक्टिक अम्ल के इकट्ठा होने के कारण

86. Which one of the following agricultural practices is eco-friendly ?

(A) Organic farming

(B) Shifting cultivation

(C) Cultivation of high yielding varieties

(D) Growing plants in glass-houses

87. According to the World Health Organisation, the disease which causes the death of the largest number of people today is :

(A) AIDS

(B) Tuberculosis

(C) Malaria

(D) Ebola

88. The normal temperature of human body in Kelvin scale is :

(A) 280

(B) 290

(C) 300

(D) 310

89. The only snake that builds a nest is :

(A) Chain viper

(B) King cobra

(C) Krait

(D) Saw-scaled viper

90. Which one of the following does *not* contain silver ?

(A) Horn Silver

(B) German Silver

(C) Ruby Silver

(D) Lunar Silver

86. निम्नलिखित में से कौनसी एक कृषि प्रणाली पारितन्त्र मैत्रिक है ?

(A) जैविक खेती

(B) स्थानान्तरित खेती

(C) उच्च पैदावार वाली उपजातियों की खेती

(D) पौधों को कांचघर में उगाना

87. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, आजकल लोगों की सबसे अधिक मृत्यु की संख्या का कारण कौनसा रोग है ?

(A) ए.आई.डी.एस.

(B) क्षयरोग

(C) मलेरिया

(D) इबोला

88. केल्विन मापन में, मनुष्य के शरीर का सामान्य तापमान कितना है ?

(A) 280

(B) 290

(C) 300

(D) 310

89. वह कौनसा केवल एक साँप है जो घोंसला बनाता है ?

(A) चेन वाइपर

(B) किंग कोबरा

(C) क्रैत

(D) आरादन्ती-शल्की वाइपर

90. निम्नलिखित में से किसमें चाँदी **नहीं** होती ?

(A) हॉर्न चाँदी

(B) जर्मन चाँदी

(C) रूबी चाँदी

(D) ल्यूनर चाँदी

91. Aluminium surfaces are often 'anodized', this means the deposition of a layer of :

(A) Chromium oxide

(B) Aluminium oxide

(C) Nickel oxide

(D) Zinc oxide

92. Which one of the following polymers is widely used for making bullet proof material ?

(A) Polyvinyl chloride

(B) Polyamides

(C) Polyethylene

(D) Polycarbonates

93. When a CD (compact disc used in audio and video systems) is seen in sunlight, rainbow like colours are seen. This can be explained on the basis of the phenomenon of :

(A) Reflection and diffraction

(B) Reflection and transmission

(C) Diffraction and transmission

(D) Refraction, diffraction and transmission

94. Which one of the following does a TV remote control unit use to operate a TV set ?

(A) Light Waves

(B) Sound Waves

(C) Micro Waves

(D) Radio Waves

91. ऐलुमिनियम की सतहें अधिकतर धनाग्रीकृत होती हैं । इसका मतलब है कि एक परत का चढ़ना, वह किसकी परत है ?

(A) क्रोमियम ऑक्साइड

(B) ऐलुमिनियम ऑक्साइड

(C) निकिल ऑक्साइड

(D) जिंक ऑक्साइड

92. निम्नलिखित में से कौनसा बहुलक गोली-रोक पदार्थ बनाने में व्यापक रूप में प्रयुक्त होता है ?

(A) पॉलीविनाइल क्लोराइड

(B) पॉलीएमाइड

(C) पॉलीइथाइलीन

(D) पॉलीकार्बोनेट

93. जब एक सी.डी. (ससंहत डिस्क जो श्रव्य और वीडियो तन्त्रों में प्रयुक्त होती है) को सूर्यप्रकाश में देखा जाता है तो इन्द्रधनुष जैसे रंग दिखते हैं । इनकी किस परिघटना के आधार पर व्याख्या की जा सकती है ?

(A) परावर्तन और विवर्तन

(B) परावर्तन और पारगमन

(C) विवर्तन और पारगमन

(D) अपवर्तन, विवर्तन और पारगमन

94. निम्नलिखित में से किस प्रकार की तरंगें टेलीविजन सेट को चलाने के लिए टेलीविजन सुदूर नियन्त्रण इकाई में प्रयुक्त होती हैं ?

(A) प्रकाश तरंगें

(B) ध्वनि तरंगें

(C) सूक्ष्म तरंगें

(D) रेडियो तरंगें

95. The working principle of a washing machine is :

(A) Centrifugation

(B) Dialysis

(C) Reverse osmosis

(D) Diffusion

96. A fuse is used in main electric supply as a safety device. Which one of the following statements about the fuse is *correct* ?

(A) It is connected in parallel with the main switch

(B) It is made mainly from silver alloys

(C) It must have a low melting point

(D) It must have a very high resistance

97. A simple machine helps a person in doing :

(A) Less work

(B) the same amount of work with lesser force

(C) the same amount of work slowly

(D) the same amount of work much faster

98. Domestic electrical wiring is basically a :

(A) Series connection

(B) Parallel connection

(C) Combinations of series and parallel connection

(D) Series connection within each room and parallel connection elsewhere

99. The most widely used antacid is :

(A) Cetrizine

(B) Iproniazid

(C) Chlorpheniramine

(D) Zantac

100. Which of the following drugs reduces fever ?

(A) Analgesic

(B) Antipyretic

(C) Antibiotic

(D) Tranquilizer

95. कपड़े धोने वाली मशीन किस सिद्धान्त पर कार्य करती है ?

(A) अपकेन्द्रीकरण

(B) अपोहन

(C) प्रतिलोम परासरण

(D) विसरण

96. एक संगलक को मुख्य बिजली आपूर्ति में एक सुरक्षा युक्ति के रूप में उपयोग किया जाता है । संगलक के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन **सत्य** है ?

(A) यह मुख्य बटन के साथ समानान्तर में जुड़ा होता है

(B) यह मुख्य चाँदी मिश्रधातु का बना होता है

(C) इसका गलनांक निम्न होना चाहिए

(D) इसका बहुत उच्च प्रतिरोध होना चाहिए

97. एक साधारण मशीन, एक व्यक्ति को क्या करने में सहायता करती है ?

(A) कम कार्य

(B) कार्य की उसी मात्रा को अपेक्षाकृत कम बल से

(C) कार्य की उसी मात्रा को धीरे-धीरे करने में

(D) कार्य की उसी मात्रा को काफी तीव्र गति से करने में

98. घरेलू बिजली के तार आधार रूप में कैसे हैं ?

(A) श्रेणीबद्ध संयोजन

(B) समानान्तर संयोजन

(C) श्रेणीबद्ध और समानान्तर संयोजन का संयोग

(D) प्रत्येक कक्ष में श्रेणीबद्ध संयोजन और दूसरी जगह समानान्तर संयोजन

99. सबसे अधिक प्रयुक्त प्रतिअम्ल कौनसा है ?

(A) सिट्रीजीन

(B) आइप्रोनियाजिड

(C) क्लोरफिनिरामिन

(D) जैन्टैक

100. निम्नलिखित में से कौनसी औषधि बुखार को कम करती है ?

(A) अतिसंवेदिता

(B) ज्वरहारी

(C) प्रतिजैविक

(D) प्रशान्तक